राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाया गया नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान दिनांक 17/ 7/ 2026









वृक्ष लगाकर उनकी सुरक्षा का लिया गया संकल्प
21.07.2026









जल संरक्षण जनजागरूकता रैली का आयोजन दिनांक 25 जुलाई 2026 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं डिप्स नीर संस्था द्वारा किया गया









राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ शपथ कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 18 अगस्त 2026







कमला राजा कन्या सातकोतर स्वशासी महाविद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव



विद्यार्थियों के जीवन में गुरु के कार्यक्षेत्र की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान का संचार ही नहीं करते, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं जीवन-दृष्टि के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वक्ताओं ने गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में गुरुजनों के प्रति सम्मान, समर्पण एवं कृतज्ञता को सदैव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी गुरु के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा महाविद्यालय परिवार में गुरु के सर्वोच्च स्थान को स्वीकार किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन छात्राओं की सहायक संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा एवं जीवन मूल्यों में परिवर्तित करता तथा उनमें नैतिक एवं सामाजिक चेतना का विकास करना था।

01.08.2026 को ऋषि गालव विश्वविद्यालय में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता कर विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया









स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 25.09.2026






बाबडी जीर्णोद्धार एवं लोकार्पण

21.10.2026











Sports Dept.


मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
सेवा संकल्प अभियान 2026
FIT INDIA
फिट इंडिया की ओर एक कदम...
जिम उद्घाटन समारोह
स्वस्थ तन • स्वस्थ मन • सशक्त समाज
SPIN BIKE
EXQUISITE


SPIN BIKE





साप्ताहिक श्रीराम एक्सप्रेस

सच के साथ

आधुनिक जिम छात्राओं के स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास की सराहनीय पहल: राठौड़

केआरजी कॉलेज में आधुनिक जिम का उद्घाटन

श्रीराम एक्सप्रेस। ग्वालियर

ग्वालियर। शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (केआरजी) में बुधवार को जिला योजना समिति के सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने आधुनिक जिम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व उपसंचालक डॉ. केशव सिंह गुर्जर और एसएलपी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. लखविन्दर सिंह उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि राठौड़ ने फीता काटकर जिम का शुभारंभ किया तथा मशीनों का संचालन कर उनकी उपयोगिता देखी। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक सुदृढ़ता भी आवश्यक है। नियमित व्यायाम, योग और फिटनेस को दिनचर्या में शामिल करने से शरीर स्वस्थ और ऊर्जावान रहता है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए व्यायाम के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेने की भी सलाह दी।

प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि आधुनिक जिम की सुविधा से छात्राओं को अपनी सेहत पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। भविष्य में नियमानुसार बाहरी महिलाओं को भी इसका लाभ दिया जाएगा। डॉ. केशव सिंह गुर्जर और डॉ. लखविन्दर सिंह ने नियमित व्यायाम को स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोहर कटारिया ने उपलब्ध मशीनों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग का तरीका समझाया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. कृष्णा सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दीपक पाठक, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. कुमकुम माथुर, डॉ. किरण वर्मन, डॉ. विनीता अग्रवाल, डॉ. जीपीएस चक, डॉ. राघवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. केके तिवारी, डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. त्रिलोक सिंह चाहर, डॉ. उमेश सिंह राजपूत, डॉ. हरेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. दिवाकर पाल, डॉ. परदीप यादव, डॉ. सुदीप सिंह यादव, अजीत बघेल, रामवीर पाल सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।





राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

भोपाल, गुरुवार 15 जनवरी 2026

फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम करें छात्राएं, आत्मरक्षा पर भी दें ध्यान: राठौड़





- केआरजी कॉलेज में आधुनिक जिम का उद्घाटन


ग्वालियर। शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में बुधवार को आधुनिक जिम का उद्घाटन जिला योजना समिति के सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवाजी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. केशव सिंह गुर्जर और एसएलपी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. लखविन्दर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोहर कटारिया ने किया।

जिला योजना समिति के सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मशीनों का संचालन कर उनकी उपयोगिता देखी। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए प्रत्येक मसल्स के हिसाब से वर्कआउट करना चाहिए। नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने से शारीरिक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक सुदृढ़ता भी उतनी ही जरूरी है। प्रत्येक मसल्स की आवश्यकता के अनुसार व्यायाम करना, नियमित योग और फिटनेस को दिनचर्या में शामिल करना शरीर को स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि आधुनिक जिम की सुविधा से छात्राओं को फिटनेस पर ध्यान देने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक डॉ. कृष्णा सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दीपक पाठक, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. कुमकुम माथुर, डॉ. किरण वर्मन, डॉ. विनीता अग्रवाल, डॉ. जीपीएस चक, डॉ. राघवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. केके तिवारी, डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. त्रिलोक सिंह चाहर, डॉ. उमेश सिंह राजपूत, डॉ. हरेन्द्र सिंह सिकरवार, डॉ. दिवाकर पाल, डॉ. परदीप यादव, डॉ. सुदीप सिंह यादव, अजीत बघेल, रामवीर पाल सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

Red Cross

रेड डाट अभियान कार्यक्रम





केआरजी कॉलेज में रेड डॉट अभियान, छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



पत्रिका एलस@ग्वालियर. शासकीय कमलाराजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी और अखिल भारतीय जैन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रेड डॉट अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. ईशा जैन गंगवाल ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी टीके के बारे में भी बताया। प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से छात्राओं में स्वास्थ्य संबंधी विषयों को लेकर झिझक कम हो रही है। छात्राएं स्वयं जागरूक होने के साथ परिवार और समाज को भी इन विषयों के प्रति शिक्षित कर सकती हैं।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 30.07.2026





स्वस्थ रहने के लिए योग के साथ थाली में दाल और हरी सब्जियां शामिल करें



केआरजी कालेज में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण कराती छात्राएं● जेईटुडिया

ग्वालियर: शासकीय कमला राजा कन्या महाविद्यालय में रेड क्रास सोसायटी की ओर से एवं आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल के सहयोग से गुरुवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं की बीएमडी जांच, शुगर ब्लड प्रेशर का परीक्षण किया गया।

शिविर में अपोलो हास्पिटल के डायरेक्टर डा पार्थ भसीन, आर्थोपेडिक सर्जन डा हिमांशु कुशवाह, काउंसलर डा स्नेहा शर्मा अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। शिविर में 225 से अधिक छात्राओं ने अपना परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने कहा कि सभी को अपने आहार में दूध, दही, पनीर, दाल, हरी सब्जियों को शामिल करना चाहिए, ताकि कैल्शियम, विटामिन डी की पूर्ति हो सके। सभी को योग और व्यायाम करना चाहिए। शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्य डा साधना श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डा दीपक पाठक, रेडक्रास सोसायटी की संयोजक डा सुधा कुशवाह उपस्थित रहे।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

कमलाराजे महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला आयोजित

ग्वालियर। शासकीय कमला राजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव के संरक्षण में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में काउंसलर डॉ. आशा तोमर उपस्थित रहीं। कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को परीक्षा तनाव, चिंता और सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों से बचने के व्यावहारिक उपाय सिखाना था। डॉ. तोमर ने कहा कि अकादमिक प्रदर्शन और करियर के दबाव के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, जिसके लिए योग और ध्यान सबसे प्रभावी उपाय हैं। उन्होंने छात्राओं को मेडिटेशन भी करवाया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस संयोजक डॉ. सुधा कुशवाह, डॉ. विनीता त्यागी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।





कैंसर जागरूकता कार्यक्रम, 17.09.2026





नईदुनिया

ग्वालियर, शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026

आरजेएन अपोलो में कैंसर रोगों की ओपीडी कल

ग्वालियर: पेट, आंत, लिवर और अन्य पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए शहर में विशेष चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। इंद्रप्रस्थ अपोलो हास्पिटल्स नई दिल्ली के वरिष्ठ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, एचपीबी एवं रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डा. दिनेश सिंघल 19 सितंबर को आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल में विशेष ओपीडी में मरीजों को परामर्श देंगे।

डा. दिनेश सिंघल

ओपीडी सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित होगी। डा. सिंघल पेट, आंत, लिवर, ग्रासनली, पैंक्रियास, गालब्लैडर, बाइल डक्ट, कोलन और रेक्टम से संबंधित कैंसर तथा अन्य जटिल रोगों के विशेषज्ञ हैं। वे कैंसर और नान-कैंसर दोनों प्रकार की बीमारियों के उपचार में आधुनिक रोबोटिक एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का उपयोग करते हैं।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार विशेष ओपीडी अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को आयोजित की जाएगी।

बिना छुए एआइ ने की स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच

आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल्स ने केआरजी और रोटरी क्लब ग्वालियर की सहभागिता से लगे शिविर में मंवासीन अतिथि ● बढ़ुधिया

ग्वालियर: महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच अब पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रह गई है। केआरजी कालेज में आयोजित निशुल्क महिला स्वास्थ्य एवं स्त्री रोग शिविर में एआइ आधारित तकनीक से बिना संपर्क और बिना रेडिएशन के स्तन स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच की गई।

आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हास्पिटल्स ने केआरजी कालेज के सहयोग से और रोटरी क्लब ग्वालियर की सहभागिता में यह शिविर लगाया। निगमई टीम ने थर्मल इमेजिंग और एआइ तकनीक के माध्यम से संभावित असामान्यताओं की पहचान में मदद की।शिविर का शुभारंभ डा. पार्थ डी. भसीन के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने महिलाओं के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला। जागरूकता सत्र में डा. रीता मिश्रा ने मासिक धर्म स्वच्छता, रजोनिवृत्ति, हड्डियों के स्वास्थ्य और रक्ताल्पता से बचाव की जानकारी दी। डा. निधि गोयल ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने नियमित जांच और बीमारी की समय पर पहचान को महत्वपूर्ण बताया।



Eco Club & Zoology Dept.

Wild Life Week

प्रथम दिवस

उद्घाटन सत्र

01.10.2026





द्वितीय दिवस

विषैले एवं विषहीन साँपों की पहचान एवं उपचार

03.10.2026

तृतीय दिवस

तितली गिद्ध और अन्य पक्षियों की पहचान

05.10.2026



Wild Life Week

चतुर्थ दिवस
जैवविविधता
जागरूकता
06.10.2026





सप्तम दिवस
पोस्टर प्रतियोगिता
07.10.2026

समापन सत्र
08.10.2026



Sewa Sankalp Abhiyan

शपथ समारोह, 17.09.2026







दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम, 17.09.2026









भाषण प्रतियोगिता, 21.09.2026









सेवा सेतु कार्यक्रम, 28.09.2026









चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता, 30.09.2026








डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता, 6.10.2026








दिनांक 09.10.26 को सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत कौशल विकास संवाद कार्यक्रम में करियर काउंसलिंग





छात्राओं को रोजगार शुरू करने की दी दिशा

केआरजी महाविद्यालय में हुआ कौशल विकास संवाद कार्यक्रम



पत्रिका प्लस@ग्वालियर. शासकीय केआरजी महाविद्यालय में करियर सेल व इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा कौशल विकास संवाद कार्यक्रम शुक्रवार को हुआ। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ राजीव चौहान ने स्वरोजगार के क्षेत्र में वर्मी कंपोस्टिंग, प्रोसेसिंग प्लांट, मशरूम कल्टीवेशन के द्वारा रोजगार शुरू करने के बारे में जानकारी दी। डॉ जगदीश चौरसिया ने शासकीय क्षेत्र में करियर अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सामंत सेंगर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी डॉ इला शुक्ला, सह नोडल अधिकारी डॉ अलका मौर्य, डॉ आभा मिश्रा, डॉ सामंत सिंह सेंगर, डॉ संगीता सोमवंशी, डॉ पूजा चौधरी, डॉ साधना चतुर्वेदी उपस्थित रहीं।

NEP: Education for a Developed India

शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महविद्यालय ग्वालियर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विकसित भारत @ 2047 के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पैनल चर्चा का आयोजन दिनांक 06.10.2026 से 10.10.2026 के मध्य किया गया।








नई शिक्षा नीति
2020



Chemistry & Physics Dept.

Ozone Day Celebration 16.09.2026







Sociology Dept.

समाजशास्त्र एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "**अखण्ड भारत मानचित्र परिचय**" विषय पर महाविद्यालय में 07 अगस्त 2026 को व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री नागेन्द्र जी वशिष्ठ (मध्य क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख, केन्द्र–रायपुर) थे













शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय
ग्वालियर (म.प्र.)
व्याख्यान / संवाद
विषय –
"भारत के पुनरुत्थान में शिक्षार्थियों एवं शिक्षकों की भूमिका"
शिक्षा से संस्कार
संस्कार से राष्ट्र निर्माण
विषय - प्रवर्तक
डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे जी
सेवानिवृत्त प्राध्यापक एन.आई.टी. भोपाल एवं
केंद्रीय टोली सदस्य प्रज्ञा प्रवाह भोपाल (म.प्र.)
समय दोपहर 1:00 बजे
दिनांक 3 अक्टूबर,2026, शनिवार
स्थान कक्ष क्र. 2 (लैक्चर गैलरी)
भारतीय ज्ञान परंपरा
संस्कार
समाज
राष्ट्र निर्माण
आयोजक
समाजशास्त्र विभाग
गवर्नमेंट के.आर.जी. पी.जी. कॉलेज ग्वालियर (म.प्र.)











Sanskrit Dept.

केआरजी महाविद्यालय में संस्कृत दिवस पर लगाई प्रदर्शनी



स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय संस्कृत ग्वालियर के प्राचार्य डॉ.मनीष खेमरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दीपक पाठक, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. उमंग सिंह तोमर एवं विभाग के अन्य सदस्य डॉ. मोना कुमारी, डॉ. गिर्राज कुमार गुप्ता एवं टोटन माइति उपस्थित रहे । कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. उमंग सिंह तोमर ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत अध्ययन केन्द्र के शिक्षक टोटन माइति ने किया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के सदस्यों एवं छात्राओं द्वारा संस्कृत वस्तु एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक वस्तुओं के नाम संस्कृत में दर्शाये गए ।

केआरजी महाविद्यालय में मना संस्कृत दिवस

एक हजार से अधिक रोजमर्रा की वस्तुओं की संस्कृत नामों के साथ लगाई प्रदर्शनी



पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

ग्वालियर. शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत दिवस रोचक अंदाज में मनाया गया। कार्यक्रम में विभाग के सदस्यों और छात्राओं ने संस्कृत वस्तु एवं पुस्तक प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में रोजमर्रा के उपयोग में आने वाली एक हजार से अधिक वस्तुओं को उनके संस्कृत नामों के साथ प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मनीष खेमरिया ने संस्कृत की महत्ता और आधुनिक समय में इसकी उपयोगिता पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. दीपक पाठक, डॉ. गिर्राज कुमार गुप्ता, टोटन माइति सहित 100 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं।

छात्राओं ने लगाई प्रदर्शनी बताया संस्कृत का महत्व


सिटी रिपोर्टर • शासकीय कमलाराजा कन्या महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस का आयोजन रखा गया। इसमें संस्कृत की छात्राओं द्वारा संस्कृत वस्तु एवं पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक वस्तुओं के नाम संस्कृत में दर्शाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष खेमरिया ने संस्कृत के महत्व एवं आधुनिक संदर्भ में व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की।



पुस्तकों का अवलोकन करते अतिथि।

Institute of Law

अंर्तराष्ट्रीय न्याय दिवस 17.07.2026 का आयोजन









25.07.2026 को युवा संसद प्रतियोगिता - महिला सशक्तिकरण मंच एवं विधि संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

विषय- "फ्रीडम ऑफ प्रेस एंड मीडिया रेगुलेशन"



25.08.2026 को लीगल एड क्लीनिक के अंतर्गत **"लीगल एड अवेयरनेस सेशन"** आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता – सिविल जज श्री अविनाश छारी





विधि की छात्राओं को सिविल जज ने दिए कानूनी टिप्स



पत्रिका ग्वालियर@ग्वालियर.विधि संस्थान शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में लीगल एड क्लीनिक के तहत एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार हुए इस शिविर में सिविल जज अविनाश छारी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने छात्राओं को व्यावहारिक कानून, न्याय प्रणाली और समाज में विधिक जागरूकता के महत्त्व की विस्तृत जानकारी दी। सिविल जज अविनाश छारी ने कहा, कानून के विद्यार्थियों पर समाज को सही दिशा देने और वंचित वर्ग को न्याय दिलाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को मुफ्त कानूनी सहायता, महिला अधिकार व सुरक्षा कानून, लीगल एड क्लीनिक का संचालन और न्यायिक सेवा की तैयारी जैसे प्रमुख बिंदुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र भी हुआ, जिसमें छात्राओं ने न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े सवाल पूछे और उनके समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर लीगल एड प्रभारी डॉ.मौली तिवारी, समन्वयक डॉ.शिशिर कश्यप, सह-समन्वयक डॉ.अंजू यादव उपस्थित रहीं।



विस्तार - व्याख्यान 19.09.2026
वक्ता - अमित बंसल (फैकल्टी, जीवाजी विश्वविद्यालय)
विषय - संविदा विधि पर विशेष विधिक ज्ञान एवं उसकी प्रक्रिया।



श्रीराम एक्सप्रेस

संविदा विधि पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

श्रीराम प्रकाशन। ग्वालियर





ग्वालियर। विधि संस्थान द्वारा 19 सितंबर को 'समझौते से लेकर लागू करने तक: भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 के तहत अनुबंधों का विस्तृत अध्ययन' विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमित बंसल रहे। व्याख्यान में करीब 150 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

डॉ. अमित बंसल ने विद्यार्थियों को समझौते के संविदा बनने की वैधानिक प्रक्रिया, संविदा के आवश्यक तत्व, वैध प्रतिफल, स्वतंत्र सहमति तथा संविदा भंग की स्थिति में उपलब्ध विधिक उपचारों की जानकारी दी। उन्होंने महत्वपूर्ण न्यायिक दृष्टांतों के माध्यम से संविदा विधि के व्यावहारिक पहलुओं को भी समझाया। व्याख्यान में विद्यार्थियों को समझौते से लेकर उसके विधिक प्रवर्तन तक के विभिन्न चरणों की जानकारी मिली, जो विधिक अभ्यास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से उपयोगी रही।

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और मुख्य वक्ता ने उनकी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।


आयोजन में विधि संस्थान के समन्वयक डॉ. शिशिर कश्यप, सह-समन्वयक डॉ. अंजू यादव, विभागाध्यक्ष डॉ. मौली तिवारी तथा समस्त शैक्षणिक स्टाफ का सहयोग रहा।

शिक्षक अभिवावक बैठक 01.10.2026
नवप्रवेशित छात्राओं एवं अभिवावकों के साथ मीटिंग का आयोजन।









10.10.2026 को श्रीमति हर्षिता सोनी (सिविल जज, ग्वालियर) का **"न्यायिक सेवा की तैयारी और एक न्यायाधीश का दृष्टिकोण"** पर छात्राओं के साथ करियर संवाद





लीगल एड क्लीनिक द्वारा जागरुकता सत्र- 12.10.2026 NCC की छात्राओं को लीगल एड क्लीनिक की जानकारी व विभिन्न कानूनी समाधान व मागदर्शन विधि संस्थान की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा दिया गया। जिसमें लीगल एड क्लीनिक प्रभारी डॉ. मौली तिवारी व NCC प्रभारी डॉ. प्रभा तिवारी उपस्थित रहीं।







गुरु पूर्णिमा उत्सव
29.07.2026









Visit of College & Interaction with Student

ACS H.E. Mr. Anupam Rajan

25.09.2026






GPS Map Camera
Gwalior, Madhya Pradesh, India
55q3+q53, Near P.w.d Office, Cirar Colony, Jawahar Colony, Chana Kothar, Gwalior, Madhya Pradesh 474001, India
Lat 26.189558° Long 78.153058°
Friday, 25/09/2026 01:55 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Gwalior, Madhya Pradesh, India
Atonomus Department, K.r.g College, Inside K.r.g. College, Cirar Colony, Jawahar Colony, Lashkar, Gwalior, Madhya Pradesh 474001, India
Lat 26.190141° Long 78.153957°
Friday, 25/09/2026 01:49 PM GMT +05:30
Google



Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.

NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in
IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495



Alumini Meet
18 July 2026





www.naidunia.com

पेज 3

कालेज में मिलीं पूर्व छात्राएं, पुरानी यादें ताजा कीं

एल्यूमिनी मीट ● शासकीय केआरजी महाविद्यालय में शामिल हुईं सन् 1968 से 1984 तक की छात्राएं



स्वागत गीत और भरतनाट्यम ने मोहा मन



केआरजी में एलुमिनाई मीट का आयोजन

भरतनाट्यम की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन, पुरानी यादें फिर हुईं ताजा



ग्वालियर @ पत्रिका.शासकीय केआरजी कॉलेज में एलुमिनाई मीट 2025-26 का आयोजन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ, जिसमें सभी एलुमिनाई ने कॉलेज के पुराने दिनों को याद किया और अपनी यादें सभी के साथ साझा कीं। 1968 से 1984 तक की भूतपूर्व छात्राओं ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में संगीत विभाग की छात्राओं ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी, वहीं छात्रा खुशी तोमर ने भरतनाट्यम की सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री माया सिंह ने कहा कि हमें माह में एक बार एलुमिनाई मीट का आयोजन करना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आशा माथुर ने कहा कि केआरजी की छात्राएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू दुबे ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ध्यानेंद्र सिंह, प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. डी. के. शर्मा, डॉ. मनीषा कौल, डॉ. सुधा चौहान, आशा सिंह तथा महिला क्रिकेट कोच हेमा राजनगांवकर उपस्थित रहीं।

-शासकीय केआरजी महाविद्यालय में एलुमिनाई मीट आयोजित

'जल, थल, नभ में ऐसा कोई कार्य क्षेत्र नहीं जहां केआरजी की छात्राएं न हों'

स्वदेश संवाददाता ■ ग्वालियर

शासकीय केआरजी महाविद्यालय में एलुमिनाई मीट 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें विविध क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त केआरजी की भूतपूर्व उत्कृष्ट छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मायासिंह थीं, वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक ध्यानेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम में डॉ. आशा माथुर, अध्यक्ष एलुमिनाई एसोसिएशन, डॉ. मंजू शर्मा आईएएस, डॉ. डीके शर्मा, विशिष्ट अतिथि, डॉ. मनीषा कौल, डॉ.सुधा चौहान सेवानिवृत्त इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च नई दिल्ली, वरिष्ठ समाजसेवी आशा सिंह, हेमा राजनगांवकर महिला क्रिकेट कोच मौजूद रहीं। भूतपूर्व



छात्राओं ने महाविद्यालय के अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव द्वारा समस्त अतिथियों का वाचिक स्वागत किया गया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा महाविद्यालय की छात्रा कु. खुशी तोमर द्वारा भरत नाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि माया सिंह ने कहा कि हमें माह में एक बार एलुमिनाई की बैठक करना चाहिये और महाविद्यालय के विकास के लिये योगदान देना चाहिये। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आशा माथुर ने कहा कि जल, थल, नभ में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां केआरजी महाविद्यालय की छात्राएं न हों। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू दुबे, पूर्व प्राचार्य एवं एलुमिनाई ने किया। आभार डॉ. वीणा शुक्ला ने व्यक्त किया। इस एलुमिनाई मीट समारोह में सन1968 से लेकर 1984 तक की भूतपूर्व छात्राओं ने सहभागिता की।

Alumni Association K.R.G. College

On 21.07.26





श्रीराम एक्सप्रेस

केआरजी कॉलेज में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

श्रीराम एक्सप्रेस। ग्वालियर

ग्वालियर। पर्यावरण संरक्षण एवं महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से शासकीय कमलाराजा स्वशासी महाविद्यालय (केआरजी कॉलेज) में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के लॉ विभाग के सामने स्थित खुले प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में विश्व नारी अभ्युदय संगठन, महिला शांति सेना एवं एनएएसी एल्यूमिनि एसोसिएशन की सदस्यों ने सहभागिता करते हुए अमरूद, पपीता, सहजन, जामुन, कपास सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। पौधों में मिट्टी के साथ खाद भी डाली गई। इस दौरान सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे बारी-बारी से समय निकालकर कॉलेज परिसर में लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगी और आवश्यकता अनुसार खाद डालती रहेंगी।

वृक्षारोपण के पश्चात सभी सदस्यों ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया तथा स्वल्पाहार किया। साथ ही भविष्य में भी कमलाराजा महाविद्यालय परिसर को



अधिक हरा-भरा एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।


कार्यक्रम में मेजर डॉ आशा माथुर, डॉ रमेश शर्मा, कमलाराजा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव, आशा सिंह, महिला शांति सेना की अध्यक्ष शोभा सक्सेना, सचिव स्नेहलता यादव, कोषाध्यक्ष मालती गुप्ता, विजय लक्ष्मी ज्यूरकर, श्रुति शिरोडकर, अल्का शुक्ला, विश्व नारी अभ्युदय संगठन की कोषाध्यक्ष हेमलता जगताप, मीना शर्मा, ऊषा सिकरवार, किरण धर्माधिकारी, गीता शर्मा, रोहिणी ज्यूरकर, सुनीता सिकरवार सहित बाहर से पधारी कॉलेज की भूतपूर्व छात्राएं उपस्थित रहीं।

Govt. Kamla Raja Girls PG Autonomous College, Gwl.
NAAC 'A' Grade Institution College Mail id: krgc@rediffmail.com Website: www.krg.ac.in
IQAC Mail id: iqac.krgc@gmail.com Phone no. 0751-2625495

EXPANSION OF ACADAMICS

Connecting Campus with Community
Creating Impact Together





- New Courses
- E - Library
- Plant tissue culture Lab

New Courses

M.Sc. In Microbiology

केआरजी में एमएससी माइक्रोबायोलॉजी पाठ्यक्रम की शुरुआत

उच्च शिक्षा के साथ छात्राओं को अनुसंधान और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे



पत्रिका प्लस@ग्वालियर. शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एमएससी माइक्रोबायोलॉजी पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि एमएससी माइक्रोबायोलॉजी पाठ्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे छात्राओं को आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ अनुसंधान और रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवाली राठौर ने बताया कि विभाग में छात्राओं को माइक्रोबायोलॉजी के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ आधुनिक प्रयोगशाला तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इससे छात्राओं को विषय की व्यावहारिक समझ विकसित करने में मदद मिलेगी और वे अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगी। कार्यक्रम में डॉ. आरपी सिंह, डॉ. मयंक सिंह, डॉ. दीपक सैनी, डॉ. अमित चौहान, डॉ. पूजा साहू, डॉ. प्रतिमा जैन, डॉ. अनुपम गुप्ता और डॉ. दीपक पाठक सहित महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।





.

Vocational Course – Beauty & Wellness





.

Vocational Course – Fashion Designing Course



साप्ताहिक
मध्य चिंतन

ग्वालियर सोमवार 5 अक्टूबर 2026

छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने सिलाई मशीन

उषा ऑटोमेटिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा

शासकीय कमला राजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से और कौशल विकास उन्नयन हेतु कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया जिसका इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती मीना सचान, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष, प्राचार्या डॉ साधना श्रीवास्तव एवं गायत्री चौहान तथा कौशल विकास केंद्र की संयोजक , डॉ अनुपम गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री हासिल करना ही काफी नहीं है, बल्कि रोजगार के नए अवसरों को पाने के लिए छात्राओं का कुशल (Skilled) होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र महाविद्यालय के छात्राओं को आत्मविश्वासी, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि इस केंद्र के अंतर्गत छात्राओंको रोजगारपरक विषय जैसे ब्यूटी पार्लर , सिलाई, हस्तशिल्प में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसका उद्देश्य थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज को बढ़ावा देना है ताकि छात्रा पढ़ाई पूरी करते ही सीधे रोजगार से जुड़ सकें या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकें। कंपनी के एक्सपर्ट चालकृष्ण उपाध्याय के द्वारा सिलाई मशीन उषा ऑटोमेटिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा के सहयोग से यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। ---- गायत्री चौहान ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, और प्रशिक्षण उपरांत छात्राओंको प्रमाणपत्र भी प्राप्त होगा।



ग्वालियर, • रविवार 04 अक्टूबर 2026 | समाधान जनसेवा | ग्वालियर | 3

छात्राओंको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम

ग्वालियर। शासकीय कमला राजे कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय ग्वालियर में छात्राओंको आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से और कौशल विकास उन्नयन हेतु कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया जिसका इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती मीना सचान, पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष, प्राचार्या डॉ साधना श्रीवास्तव एवं गायत्री चौहान तथा कौशल विकास केंद्र की संयोजक, डॉ अनुपम गुप्ता द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री हासिल करना ही काफी नहीं है, बल्कि रोजगार के नए अवसरों को पाने के लिए छात्राओं का कुशल (Skilled) होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह केंद्र महाविद्यालय के छात्राओं को आत्मविश्वासी, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि इस केंद्र के अंतर्गत छात्राओंको रोजगारपरक विषय जैसे ब्यूटी पार्लर, सिलाई, हस्तशिल्प में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विभिन्न उद्देश्य थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज को बढ़ावा देना है ताकि छात्रा पढ़ाई पूरी करते ही सीधे रोजगार से जुड़ सकें या अपना खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकें। गायत्री चौहान ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, और प्रशिक्षण उपरांत छात्राओंको प्रमाणपत्र भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।




कौशल विकास केन्द्र
SKILL DEVELOPMENT CELL


कौशल विकास के
SKILL DEVELOPMENT





Vocational Course – Handicraft Course





E-Lib. - Expansion of Digital Resources

12.08.2026





सुविधा

केआरजी में 25 कंप्यूटर की ई-लैब शुरू



केआरजी महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी के शुभारंभ पर शामिल अतिथिगण ● नईदुनिया


ग्वालियर: डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में शासकीय केआरजी महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी का विस्तार किया गया है। पुस्तकालय पितामह पद्मश्री डा. एसआर रंगनाथन की जयंती के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय पुस्तकालय में 25 कंप्यूटर से सुसज्जित नई ई-लैब के विस्तार कक्ष का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य डा. साधना श्रीवास्तव के संरक्षण में मुख्य अतिथि पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष मीना सचान ने किया। विशिष्ट अतिथि अरविंद्र रघुवंशी मौजूद रहे। नई ई-लाइब्रेरी में स्नातकोत्तर छात्राओं, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए कंप्यूटर पर अध्ययन, शोध एवं अकादमिक कार्य करने की विशेष व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों तक आसान पहुंच मिल सकेगी।

केआरजी कॉलेज में ई लाइब्रेरी के विस्तार कक्ष का हुआ उद्घाटन



पत्रिका प्लस@ग्वालियर. शासकीय केआरजी कॉलेज के केंद्रीय पुस्तकालय में पद्मश्री डॉ रामामृतम रंगनाथन की जयंती के अवसर पर ई लाइब्रेरी के विस्तार कक्ष का उद्घाटन बुधवार को किया गया। अब छात्राओं को 25 कंप्यूटर युक्त ई लैब प्राप्त होगी। लाइब्रेरी में स्नातकोत्तर की छात्राओं, रिसर्च स्कॉलर व शिक्षकों को कंप्यूटर पर काम करने व अध्ययन करने की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष मीना सचान, विशिष्ट अतिथि अरविंद रघुवंशी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ डी के सिंह, अकादमिक सचिव डॉ अनुपम गुप्ता, डॉ नूतन जोशी शामिल रहे।

Plant Tissue Culture Lab









दैनिक नगर चिंगारी

हर पल आपके लिए

सुविचार

मुझे आने वाले कल का भय नहीं है क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का उद्घाटन

जैव प्रौद्योगिकी विभाग में शोध एवं कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

नगर चिंगारी ग्वालियर

शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का गरिमामय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर साधना श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, प्रोफेसर दीपक पाठक, ऐकडेमिक सेक्रेटरी, प्रोफेसर अनुपम गुप्ता, डुब्लट कॉर्डिनेटर, प्रोफेसर प्रतिमा जैन, विभागाध्यक्ष जूलॉजी प्रोफेसर आरके दुबे, विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी प्रोफेसर शक्ति भारद्वाज एवं सहविभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी डॉ. प्रतिष्ठा द्विवेदी सहित बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात प्राचार्य महोदय एवं समस्त अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से लाल फीता काटकर प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं विभागीय सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। विभाग की समन्वयक प्रोफेसर शक्ति भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन में विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि नई प्रयोगशाला छात्राओं को पादप जैव प्रौद्योगिकी की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने प्लांट टिश्यू कल्चर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़ी संख्या में पौधों का गुणन, रोगमुक्त पौधों का उत्पादन, दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण पादप प्रजातियों का संरक्षण तथा विभिन्न शोध कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके साथ ही प्रोफेसर आरके दुबे द्वारा भी टिश्यू कल्चर लैब के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ने विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएँ छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान, वैज्ञानिक सोच एवं शोध के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने तथा शोध एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय द्वारा विभाग की फैकल्टीज डॉ. साधना चतुर्वेदी, डॉ.ज्योति सिंह कुशवाह एवं डॉ. नेहा श्रीवास्तव को छात्राओं के हित में, प्लांट टिश्यू कल्चर लैब के निर्माण में दिए हुए योगदान हेतु प्रोत्साहित किया।



श्रीराम एक्सप्रेस


केआरजी में प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का उद्घाटन

श्रीराम एक्सप्रेस, ग्वालियर।

शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का गरिमामय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर साधना श्रीवास्तव, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, प्रोफेसर दीपक पाठक, ऐकडेमिक सेक्रेटरी, प्रोफेसर अनुपम गुप्ता, डुब्लट कॉर्डिनेटर, प्रोफेसर प्रतिमा जैन, विभागाध्यक्ष जूलॉजी, प्रोफेसर आर. के. दुबे, विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी, प्रोफेसर शक्ति भारद्वाज एवं सहविभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी, डॉ. प्रतिष्ठा द्विवेदी सहित बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात प्राचार्य महोदय एवं समस्त अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से लाल फीता काटकर प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं विभागीय सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

विभाग की समन्वयक प्रोफेसर शक्ति भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन में विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि नई प्रयोगशाला छात्राओं को पादप जैव प्रौद्योगिकी की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने प्लांट टिश्यू कल्चर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़ी संख्या में पौधों का गुणन, रोगमुक्त पौधों का उत्पादन, दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण पादप प्रजातियों तथा विभिन्न शोध कार्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है। प्रयोगशाला में छात्राओं को कल्चर मीडिया तैयारी, स्टरलाइजेशन, एसेप्टिक तकनीक, कैलस कल्चर, शूट एवं रूट रीजेनेरेशन तथा माइक्रोप्रोपेगेशन जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही प्रोफेसर आर. के. दुबे द्वारा भी टिश्यू कल्चर लैब के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य ने विभाग को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएँ छात्राओं में व्यावहारिक ज्ञान, वैज्ञानिक सोच एवं शोध के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने तथा शोध एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदय द्वारा विभाग की फैकल्टीज डॉ. साधना चतुर्वेदी, डॉ.ज्योति सिंह कुशवाह एवं डॉ. नेहा श्रीवास्तव को छात्राओं के हित में, प्लांट टिश्यू कल्चर लैब के निर्माण में दिए हुए योगदान हेतु प्रोत्साहित किया।



E-Newsletter

(Feb.-May 2025-26)

Published by:

IQAC of the College

Email College: krgc@rediffmail.com

Email IQAC: iqac.krgc@gmail.com